उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 19.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

आज दिनांकः- 19.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।







@MahobaPolice

# महोबा पुलिस



## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान

आज दिनांक 19.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 19.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा की मौजूदगी में 44.617 किग्रा मादक पदार्थ का विनष्टीकरण, इंसीनरेटर मशीन से नष्ट—कीमत 11 लाख से अधिक।

मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेशों/निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 19.03.2026 को पुलिस लाइन महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह (अध्यक्ष) की उपस्थिति में जनपद महोबा के विभिन्न थानों में कुल 15 पंजीकृत मुकदमों से संबंधित मादक पदार्थों के मालों का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया।

इस दौरान कुल 44.617 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपये से अधिक है, को विधिवत प्रक्रिया के अंतर्गत तौल कर इंसीनरेटर मशीन के माध्यम से नष्ट किया गया। यह कार्य मादक पदार्थ विनष्टीकरण हेतु गठित जनपद स्तरीय कमेटी की निगरानी में संपन्न कराया गया।

उक्त विनष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह, अभियोजन अधिकारी श्री के.पी.सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यवाही को पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु नियमानुसार वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराते हुए संपन्न कराया गया।

जनपद पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी है तथा इस प्रकार की कार्रवाईयों के माध्यम से समाज में नशे के विरुद्ध सख्त संदेश दिया जा रहा है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 19.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने मातृशक्ति को किया जागरूक

आज दिनांक 19.03.2026 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड द्वारा पीताम्बरा गेस्ट हाउस, कुलपहाड़ में एचडीएफसी बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मातृशक्तियों को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

क्षेत्राधिकारी द्वारा "मिशन शक्ति" अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) आदि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का तुरंत उपयोग किया जा सकता है।

इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार की उत्पीड़न की घटना होने पर निडर होकर पुलिस को सूचना देने तथा समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं अन्य अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने अपने प्रश्न रखे, जिनका क्षेत्राधिकारी द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। महिलाओं ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए पुलिस एवं बैंक प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बैंक प्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






## थाना श्रीनगर पुलिस की त्वरित कार्यवाही, पत्नी की हत्या के मामले में फरार आरोपी पति गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि जनपद महोबा के थाना श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भण्डरा में दिनांक 16.03.2026 को पति-पत्नी के मध्य हुए विवाद में महिला की मृत्यु के प्रकरण में थाना श्रीनगर पर परिजनों की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 36/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम राम सिंह पुत्र रामस्वरूप लोधी निवासी ग्राम भण्डरा मजरा लोधी खोड़ा थाना श्रीनगर जनपद महोबा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारीगण द्वारा मय फील्ड यूनिट टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था तथा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में वांछित/फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त राम सिंह को आज दिनांक 19.03.2026 को ग्राम भण्डरा-मवई तिगैला के पास स्थित खेल मैदान के निकट से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:

राम सिंह पुत्र रामस्वरूप लोधी, उम्र लगभग 38 वर्ष, निवासी ग्राम भण्डरा मजरा लोधी खोड़ा, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:

1.प्रभारी निरीक्षक जयचन्द्र सिंह 2. उ0नि0 अभिनव प्रताप सिंह 3.हे0का0 विनोद कुमार 4. का0 विवेक दिवाकर 5.का0 बृजेश



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 19.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

## आगामी रामनवमी एवं ईद-उल-फितर पर्व के दृष्टिगत व्यापक सुरक्षा व्यवस्था, पीस कमेटी बैठक एवं फ्लैग मार्च/पैदल गश्त

आज दिनांक 19.03.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना कोतवाली नगर में धर्मगुरुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी #रामनवमी एवं #ईद_उल_फितर पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत करिया पठवा, ईदगाह एवं अन्य नमाज स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के प्रमुख कस्बों, बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ड्यूटीरत अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता बरतने एवं प्रभावी ड्यूटी निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया तथा आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

जनपद पुलिस द्वारा आगामी पर्वों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आमजन से अपील है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।




